पेज थ्री देहरादून

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**(संवाददाता)** देहरादून। सिविल जज सीडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया कि बाबा फरीद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी, दून में संविधान दिवस के अवसर पर आज विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान के विषय में जानकारी दी गयी तथा राष्ट्र समाज या समुदाय के जीवन में संविधान के महत्व के बारे में समझाया। कार्यक्रम में मानसिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना एवं पोक्सो एक्ट एवं एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं की जानकारी दी गयी।

### सीके नायडू ट्रॉफी के लिए टीम का चयन

देहरादून। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने सीके नायडू ट्रॉफी में प्रतिभाग करने के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन अंडर–23 में किया है। वहीं, 11 दिसंबर से मैच शुरू होने जा रहे हैं। उत्तराखंड टीम की कमान अजीत सिंह रावत को सौंपी गई है। वहीं, पहला मैच केरल के साथ खेला जाएगा। बता दें कि क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने 15 खिलाड़ियों को अंडर–23 सीके नायडू ट्रॉफी के पहले तीन मैचों के लिए चयनित किया है।

### बीस सूत्री कार्यक्रम की रैंकिंग मदों व प्रगति की समीक्षा की गयी

**(संवाददाता)** देहरादून। राज्य स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष नरेश बंसल की अध्यक्षता में सभी जिलाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम बीस सूत्री कार्यक्रम की रैंकिंग मदों वर्ष 2018–19 व आलोच्य वर्ष में अप्रैल–अक्टूबर 2019 की प्रगति की समीक्षा की गयी। लक्ष्यों में संशोधन किया गया परन्तु संशोधित लक्ष्यों में अनुमोदन प्राप्त न हो सका।

# कार्बेट टाइगर रिजर्व में प्रायोगिक तौर पर गैण्डे का रिइन्ट्रोडक्शन के निर्देश

**निर्णय**

राज्य वन्य जीव बोर्ड की 14 वीं बैठक में सीएम ने लिए अहम निर्णय

वन भूमि हस्तांतरण व अन्य प्रकरणों पर स्वीकृति प्रदान की गई

**संवाददाता**



देहरादून। कार्बेट टाइगर रिजर्व में प्रायोगिक तौर पर गैण्डे का रिइन्ट्रोडक्शन किया जाए। मानव वन्य जीव संघर्ष से प्रभावित गांवों में वॉलण्टरी विलेज प्रोटेक्शन फोर्स की स्थापना जल्द से जल्द की जाए। कॉर्बेट व राजाजी पार्क में टाइगर व हाथी की अधिकतम धारण क्षमता का अध्ययन कराया जाएगा। हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर बंदरों को पीड़क घोषित करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान में गरतांग गली ट्रेल में मार्ग निर्माण, उसके प्राचीन स्वरूप को बनाए रखते हुए किया जाए।

प्रदेश में संरक्षित क्षेत्रों के निकट स्थित टोंगिया व अन्य ग्रामों में सोलर लाईट, शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध करवाने के काम को प्राथमिकता से लिया जाए। मंगलवार को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित राज्य वन्य जीव बोर्ड की 14 वीं बैठक में उक्त निर्णय लिए गए।

गैण्डे के रिइन्ट्रोडक्शन के संबंध में प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की भौगोलिक व पर्यावरणीय परिस्थितियां गैण्डे के अनुकूल है। गैण्डे द्वारा मानव के साथ संघर्ष की जीरो सम्भावना होती है और यह अन्य जीवों के लिए भी सहायक होता है। इससे राज्य में पर्यटन गतिविधियां भी काफी बढ़ेंगी। इस पर बोर्ड द्वारा कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में प्रायोगिक तौर पर गैण्डे का रिइन्ट्रोडक्शन पर सहमति दी गई। मछलियों को पकड़ने में अवैधानिक तरीकों के प्रयोग को रोकने के लिए युवक मंगल दलों, महिला मंगल दलों, वन पंचायतों का सहयोग लिया जाए। प्रदेश में संरक्षित क्षेत्रों के निकट स्थित टोंगिया व अन्य ग्रामों में सोलर लाईट, शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध करवाने के काम को प्राथमिकता से लिया जाए। संरक्षित क्षेत्रों से दूसरे स्थानों पर बसाए जाने पर वन्य ग्रामों के लोगों भूमि संबंधी वही अधिकार मिलने चाहिए जो कि उन्हें अपनी पहले की भूमि पर प्राप्त थे। इसके लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए। राज्य वन्य जीव बोर्ड द्वारा संरक्षित क्षेत्रों के अंतर्गत व संरक्षित क्षेत्रों के 10 किमी. परिधि में आने वाली वन भूमि हस्तांतरण व अन्य प्रकरणों पर स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में वन मंत्री डा. हरक सिंह रावत, विधायक सुरेश राठौर, दीवान सिंह बिष्ट, प्रमुख सचिव आनंद बर्द्धन, मुख्य वन संरक्षक जयराज, डीजी लॉ एंड आर्डर अशोक कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी और राज्य वन्य जीव परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### दून-पिथौरागढ़ और हिंडन एयरपोर्ट के बीच हवाई सेवा शुरु

**(संवाददाता)** देहरादून। देहरादून–पिथौरागढ़ और हिंडन एयरपोर्ट के बीच एक बार फिर हवाई सेवा शुरू कर दी गई है। पिछले 15 दिनों से मेंटिनेंस के कारण हवाई सेवा को रोका गया था। मंगलवार को एयरक्राफ्ट पिथौरागढ़ से एक बच्चे समेत 7 यात्रियों को लेकर देहरादून पहुंचा। . देहरादून पिथौरागढ़ और गाजियाबाद के बीच उड़ान भरने वाली कंपनी हेरिटेज एविएशन के एयरक्राफ्ट ने एक बार फिर तीनों स्थानों के लिए उड़ान भरनी शुरू कर दी है। 9 नवम्बर से 25 नवम्बर तक मेंटिनेंस के कारण हवाई सेवाओं को रोका गया था। मंगलवार सुबह पिथौरागढ़ से एयर हेरिटेज का 9 सीटर विमान 10 बजे देहरादून के लिए रवाना हुआ। जो देहरादून एयरपोर्ट 10.45 बजे पहुंचा। एयरपोर्ट के डारेक्टर एसके सिंह ने बताया कि 9 नवंबर से हेरिटेज एविएशन कंपनी द्वारा मेंटेनेंस के कारण हवाई सेवाओं को रोक दिया गया था। आज से तीनों एयरपोर्ट में हवाई सेवाएं फिर से शुरू की गई हैं। जल्द ही पंतनगर–पिथौरागढ़ के बीच भी हवाई सेवाएं शुरू हो सकती हैं।

### संविधान के उद्देश्यों के अनुपालन की शपथ दिलायी

**(संवाददाता)** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल और अपर जिलाधिकारी प्रशासन रामजी शरण शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित समस्त कार्यालयों के कार्मिकों से संविधान दिवस के अवसर पर 'भारत के संविधान' की प्रस्तावना को पढ़ा गया और इसमें निहित उद्देश्यों के अनुपालन की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर नगर मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, उप निबन्धन श्री डोभाल सहित राजस्व विभाग, राजिस्ट्रार कार्यालय, आपदा प्रबन्धन, निर्वाचन कार्यालय, कोषागार सूचना सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। संविधान दिवस के अवसर जनपद स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा अपने–अपने कार्यालयों में संविधान की शपथ ली।

# 12 दिवसीय प्रथम बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न

**प्रशिक्षण**

■ प्रसार–प्रशिक्षण केन्द्र शेरपुर सेलाकुई में 12 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते प्रशिक्षक।

देहरादून। **सवांददाता**

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार एवं डॉ आर.एस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी नैनीताल एवं जिला प्रशासन की संयुक्त पहल पर विगत 15 नम्बर से 26 नम्बर तक 12 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन प्रसार–प्रशिक्षण केन्द्र शेरपुर सेलाकुई में आचार्य सन्दीप कुमार वर्मा की अध्यक्षता में प्रथम बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया।

प्रशिक्षण में सामान्य कार्यालय प्रशिक्षण समस्त विभागों का सांगठनिक ढांचा नीतियों एवं कार्यप्रणाली के विषय में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत भगवानपुर जूलों में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों का अध्ययन तथा स्वयंसेवी संस्था हिमालयन जन कल्याण एवं बाल विकास समिति तिलवाड़ी के क्रिया कलापों का अध्ययन किया गया।

प्रसार–प्रशिक्षण केन्द्र शंकरपुर सेलाकुई में 31 प्रतिभागी जो विभिन्न विभागों के लिपिकीय संवर्ग में कार्यरत है, को कटिंग एज स्तर, शासकीय कार्यों के सम्पादन एवं प्रबन्धन, विकास कार्यों के प्रचार–प्रसार, आय व्ययक कार्य, अर्न्तविभागीय समन्वय, एवं जनता से व्यवहार आदि के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। अंतिम रोज प्रशिक्षण में मीडिया प्रबन्धन की जानकारी आचार्य वर्मा एवं जिला सूचना अधिकारी पी.एस भण्डारी द्वारा दी गई।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

### महाराष्ट्र प्रकरण में फांसीवादी ताकतों की हार और लोकतंत्र की हुई जीत

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा सरकार का कदम गैर जरूरी और अलोकतांत्रिक था और उसने संविधान तथा लोकतंत्र की पवित्र भावनाओं की हत्या करने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी का विधानसभा, भारत के संविधान व देष की संवैधानिक संस्थाओं पर पूर्ण विश्वास है। भारतीय जनता पार्टी ने देश की राजनीति को जिस तरह से कलंकित और कलुषित करने का काम किया, देष की प्रबुद्ध जनता उनके द्वारा किये गये इन पापों का आने वाले समय में निश्चित रूप से संज्ञान लेगी, क्योंकि लोकशाही एवं प्रजातांत्रिक पद्धति में जनता की अदालत सर्वोच्च अदालत है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा उत्तराखण्ड, अरूणाचल प्रदेश, उडीसा, बिहार तथा दिल्ली प्रदेश की सरकार को इसी प्रकार अलोकतांत्रिक रूप से षडयंत्र कर गिराने का भी कुत्सित प्रयास किया गया।

### राइट टू वॉक कैंपेन का शुभारंभ

**(संवाददाता)** देहरादून। पीआरसीआई दून चैप्टर ने ग्लोबल पब्लिक रिलेशन के तत्वावधान में शनिवार को रिंग रोड स्थित होटल में "राइट टू वाक" कैंपेन का शुभारंभ किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय: शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून। फैक्स नं0- 0135-2650558 (M) 9319700701 pagethreedaily@gmail.com आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।